52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.8 °c अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:39 सूर्यास्त : 7:11 | वर्ष : 52/ अंक : 212 | बृहस्पतिवार, 01 अगस्त 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये



**अमृतवाणी**

तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की हो।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी, जिन्ना जैसी विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं : विवेक अग्निहोत्री



क्या इस विषय पर भी फिल्म बनाओगे?.........

# हादसों में बालक समेत 9 कांवड़ियों की मौत

- रामपुर तिराहे पर डीजे कांवड़ में आ रहे बालक कांवड़िया ईशू की जनरेटर के पहिये के नीचे आने से गई जान
- रतनपुरी क्षेत्र में कैंटर के अचानक ब्रेक मारने से डीजे-जनरेटर के नीचे दबकर एक कांवड़िया मरा, 11 घायल
- छपार हाईवे पर गर्मी से गश खाकर गिरे दो कांवड़ियों की मौत, बेहोश कांवडिया ने अस्पताल में तोड़ा दम

**मुजफ्फरनगर/छपार, 31 जुलाई (बु.)।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे 9 शिवभक्तों के साथ अनहोनी हो गई। रामपुर तिराहे पर एक बालक कांवडिया की जान चली गई, जबकि रतनपुरी क्षेत्र जनरेटर के नीचे दबने से एक कांवड़िया की मौत हो गई और 11 शिवभक्त घायल हो गये। उधर छपार क्षेत्र में भी गर्मी के चलते गश खाकर गिरे दो कांवड़ियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जबकि मेरठ रोड पर बेहोश मिले कांवडिया ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। खतौली में घायल दो कांवड़ियों ने मेरठ में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शामली के एक कांवड़िये की मंसूरपुर में हीट स्ट्रोक तथा बुखार से पीड़ित एक कांवड़िये को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इन हादसों से कई परिवारों में कोहराम मचा है।

जिले में बीते चौबिस घंटे कांवड़ियों के लिए जानलेवा साबित हुए हैं। पहला हादसा बुधवार को रामपुर तिराहे पर हुआ। जानसठ के भलेडी गांव निवासी प्रीतम प्रजापति का दस वर्षीय बेटा ईशू डीजे कांवड़ में परिवार के साथ हरिद्वार गया था। बालक लौटते समय ट्रैक्टर ट्राली के पीछे बैठा हुआ था और उसके पीछे ही जनरेटर बंधा हुआ था। रामपुर तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली को टक्का लगने के कारण बालक ईशू उछलकर सड़क पर गिर गया और जनरेटर का पहिया उसकी छाती पर उतर गया। गंभीर रूप से घायल बालक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से साथ चल रहे परिवार में मातम छा गया।

दूसरी दुर्घटना रतनपुरी क्षेत्र में हुई। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के रघुवीर नगर खयाला क्षेत्र निवासी राहुल पुत्र राजेश, पवन पुत्र विजय, नितिन पुत्र तनवर, पवन पुत्र अशोक, गुलशन पुत्र विनोद, रोनित सहगल पुत्र अशोक कुमार, यश पुत्र अजय कुमार, नितेश पुत्र मनोज, सन्नी पुत्र जय सिंह, अनिल, अजय पुत्र मुन्नू, दिनेश निवासी मोदीपुरम जनपद मेरठ आदि डाक कांवड़ियों का जत्था कैंटर में डीजे लगाकर हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे थे। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर रतनपुरी क्षेत्र में रायपुर नंगली के निकट आगे चल रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे कैंटर पर पीछे बंधा डीजे और जनरेटर कांवड़ियों के ऊपर गिर गया। इनमें काफी कांवड़िया दब गये। हादसे के बाद घायलों को पुलिस ने सेंट फ्रांसिस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यहां से दिनेश को गंभीर अवस्था के चलते मेरठ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घायलों को उपचार के बाद रेफर किया गया है। सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह ने घटना के सम्बंध में बताया कि बुधवार को थाना रतनपुरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि 01 आयशर कैन्टर नम्बर एचआर74 बी 9921 जिसमें 08-10 कांवडिये हरिद्वार जा रहे थे, रायपुर नंगली से आगे भैंसी कट के पास ड्राईवर के अचानक ब्रेक लगाने के कारण कैन्टर में रखा जनरेटर पीछे की तरफ खिसक कर कावंडियों के ऊपर गिर गया जिस कारण कैंटर में बैठे कावंडियों दिनेश, पवन और कृष्णा गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा कई अन्य कांवड़िया को साधारण चोटें आयी हैं। सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुरी द्वारा मय पुलिस बल मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से गंभीर घायल दिनेश की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई।

इसके अलावा छपार के पास हाईवे पर भीषण गर्मी व उमस के कारण हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे दो कांवडिया भोले अलग-अलग स्थानों पर बेहोश होकर गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों कावड़ियों को इलाज हेतु एंबुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां पर दोनों कावड़ियों की मौत हो गई। मृतक कावड़ियों के शवों को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम को भेजा गया। मंगलवार में देर सांय लगभग आठ बजे 45 वर्षीय राकेश उर्फ आशु पुत्र मुंशी निवासी गांव महमतपुर थाना हर्निया जनपद बुलंदशहर कांवड़िया हरिद्वार से कांवड़ लेकर छपार थाना क्षेत्र में हाईवे से गुजर रहा था, तो छपार टोल प्लाजा के पास वह बेहोश हो गया। वही हाईवे पर बिजोपुरा कट के पास भी एक कांवडिया बेहोश होकर गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने दोनों बेहोश हुए कांवड़ियों को जिला चिकित्सालय रेफर किया। जहां पर दोनों कांवड़ियों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों कांवड़ियों के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। मामले में पुलिस का कहना है कि एक अज्ञात मृतक कांवडिया की पहचान का प्रयास कराया जा रहा है। वही दोनों कांवड़ियों के शवों को पोस्टमार्टम को भेजा गया, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का स्पष्ट कारण पता चलेगा। सोमवार को भी गाजियाबाद के एक कांवडिया की छपार क्षेत्र में बेहोशी के चलते अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई थी। बुधवार को मेरठ रोड पर स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास एक कांवडिया बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर

शेष - पृष्ठ-4 पर

## हाईटेंशन विद्युत लाइन से टच होने से डीजे कांवड़ में लगी आग, चालक बुरी तरह झुलसा

**बघरा, 31 जुलाई (बु.)।** हरियाणा के करनाल जिले के कांवड़ियों की डीजे कांवड़ में हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार छू जाने से आग लग गई। जबकि चालक हादसे में करंट के चलते बुरी तरह झुलस गया। एसओ विकास यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने मिट्टी डालकर आग को बुझाया और बाद में झुलसे कांवडियों को अस्पताल में उपचार दिलाया। पैदल यात्रा के बाद अब दिल्ली हरिद्वार हाईवे और पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीजे कांवड़ों का जमघट है। करनाल निवासी अजीत पुत्र रमेश्वर अपने साथियों के साथ डीजे कांवड़ लेकर आज बघरा पहुंचा था। डीजे कांवड़ को साइड में लगाते समय वो हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार से छू गया और विद्युत करंट पूरे डीजे कांवड़ में उतर आया। इस दौरान तार से उठी चिंगारी के कारण डीजे कांवड़ में आग लग गई। इस करंट और आग की चपेट में डीजे कांवड़ के वाहन चालक कांवड़िया अजीत बुरी तरह से झुलस गया। वहां पर सुरक्षा के मद्देनजर तैनात एसओ तितावी विकास यादव ने पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों की मदद से मिट्टी डालकर आग को बुझाया और इसके बाद तार को हटाकर झुलसे कांवड़ियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनको उपचार दिलाया। गनीमत रही उस समय डीजे कांवड़ के वाहन पर अजीत के दूसरे साथी नहीं थे, वो साइड में वाहन लगवाने के लिए वाहन से उतर चुके थे। वरना हादसा और ज्यादा गंभीर हो सकता था। उपचार के बाद कांवडिया अजीत अपने साथियों के साथ करनाल के लिए रवाना हो गया था।

# पैदल कम हुए तो बाइकर्स और डाक कांवड़ों का शोर

- बेरोक टोक बिना साइलेंसर दौड़ती बाइकें दहला रही माहौल
- हाईवे पर डाक कांवड़ियों के आगमन का सिलसिला तेज





**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** कांवड़ मेले के अंतिम चरण में पहुंचने के बाद अब पैदल कांवड़िए अपने लक्ष्य की ओर पहुंच रहे हैं, वहीं अब बाईकर्स के साथ डाक कांवड़ों की रेलमपेल के साथ पूरा राजमार्ग साइलेंसी विहीन फर्राटा बाइकों के दिल दहला देने वाले शोर और तेजी से दौड़ लगाते हुए डाक कांवड़ियों के वाहनों की भागमभाग व सीटियों की आवाज से गुंजायमान हो रहा है। इस भागम भाग के बीच आज पांच कांवड़ियों की मौत हो गई। ऐसे में कल शाम तक यह भागमभाग सड़क पर परीक्षा की घड़ी साबित होने वाली है। हालांकि वाहनों की बेतहाशा दौड़ शुरू होने के बाद पुलिस मुख्य मार्ग से हट गई है और इस बार उनकी गति को नियंत्रित करने के लिए अस्थाई स्पीड़ ब्रेकर भी नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में वाहन निर्बाध दौड़ लगा रहे हैं।

नगर में कांवड़ मेला अपने चरम पर पहुंचने को तैयार है। कल पूरा दिन और रात व दोपहर बाद तक शिवभक्तों की लंबी कतारें कांवड़ मार्ग पर डग भरती नजर आईं। इनमें अधिकांश स्थानीय और आसपास जिलों के शिवभक्त हैं। ऐसे में शहर के कांवड़ शिविरों से लेकर जिले के दूसरे मार्गों पर अब स्थानीय शिवभक्तों की कतारें नजर आईं। इसके साथ ही दोपहर बाद से डाक कांवड़ों और दो पहिया वाहनों से गंगाजल लाने वालों की रफ्तार बढ़ी तो वहां हरियाणा व दिल्ली की ओर जाने वाली डाक कांवड़ों के साथ दो पहिया वाहनों पर गंगा जल लाने वालों की दौड़ तेज हो गई। बाइकों, स्कूटी और साइकिलों पर भी शिवभक्त जल लेकर आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा दहलाने वाली वे बाइकें हैं जिनके साइलेंसर निकाल दिए गए हैं और भडर-भड़र की तेज आवाज के साथ बेतहाशा ऐसी बाइकों को दौड़ा रहे हैं। पुलिस ऐसी बाइकों को देखकर खामोश है। शहर के तमाम मुहल्लों खासकर गांधी कॉलोनी और पचैंडा रोड की ओर एसी भडर-भडर बाइकें लोगों का दिल दहलाती रहीं। इनके हादसों का भी खतरा बना रहा। स्थिति यह है कि ना तो ऐसे वाहनों की आवाज पर कोई अंकुश है और ना रफ्तार पर। ऐसे वाहन अधिकांशतः शहर की ओर अंदर आ रहे हैं। विगत वर्षों में कांवड़ मार्ग पर प्रशासन मिट्टी से अस्थायी स्पीड ब्रेकर बनवाता रहा है, लेकिन इस बार ऐसे स्पीड ब्रेकर नहीं बनवाए गए हैं। ऐसे में तेजी से फर्राटा भरती बाइकों और डाक कांवड़ वाहनों के रास्ते में कोई अवरोध नहीं है। ऐसे में कांवड़ मार्ग पर बेहद सावधानी से चलने की आवश्यकता है। अब जिले के जानसठ रोड, भोपा रोड, चरथावल, मीरांपुर आदि इलाकों में लगे शिविरों में भी शिवभक्तों के पहुंचने के बाद वहां रौनक बढ़ गई है और वहां लोग कांवड़ियों की सेवा में जुटे हैं। आज भी दिन भर गर्म और उमस भरे माहौल में कांवड़िए परीक्षा की दौर से गुजरे, हालांकि आज बादल छाए रहे। इसके बावजूद उमस रही। शाम होते ही मौसम बदला तो घने बादलों और तेज हवाओं के बाद जमकर हुई बारिश के बाद मौसम मस्त हो गया और भोलों ने राहत की सांस ली। हालांकि कांवड़ियों के आगमन का सिलसिला रात भर चलता रहा। पैदल कांवडिए भी काफी संख्या में आ रहे हैं। कल भी स्थानीय शिवभक्त पैदल अपने गंतव्य की ओर बढ़ते नजर आएंगे। आज शाम बारिश के बाद कांवड़ सेवा शिविरों में भी पानी पानी नजर आया। बारिश हालांकि रुक रुक कर चलती रही। शहर के साथ रुड़की रोड पर हरिद्वार तक और मेरठ की ओर भी जमकर पानी बरसा।



# कुत्ते के काटने की वजह से बुझ गया घर का चिराग

**आये दिन आम जनता कुत्ते व बंदरों को लेकर नेताओं से करती है शिकायतें**

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** प्रेमपुरी के रहने वाले निखिल जैन को कुछ माह पूर्व कुत्ते ने काट लिया था। उसके कुछ समय बाद निखिल की तबियत खराब होने लगी। धीरे-धीरे निखिल की तबियत बिगड़ने लगी तो परिवार के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर निखिल का उपचार कराया, मगर कुछ दिन पूर्व स्वास्थ्य अधिक खराब हो जाने के कारण निखिल को उपचार हेतु तीन दिन पूर्व दिल्ली एम्स ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने इंजेक्शन इत्यादि लगाकर घर भेज दिया। मगर रास्ते में ही तबियत खराब होने के कारण निखिल को मेरठ के सुभारती में भर्ती करना पड़ा, जहां मंगलवार की रात निखिल का दुखद निधन हो गया। निखिल अपने परिवार में बड़ा बेटा था और निखिल अग्रवाल मार्किट में इलैक्ट्रोनिक सामान बेचने का काम करता था। निखिल के परिवार में उनकी पत्नी व दो बच्चे हैं। निखिल



का बड़ा भाई संजीव तहसील परिसर मार्किट में रेडीमेड काम करता है। अचानक कुत्ते के काटने से निखिल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और बुधवार सुबह गमगीन माहौल में निखिल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। निखिल की मौत के बाद आमजन में एक ही चर्चा होती दिखाई दी कि सैंकड़ों बार नेताओं को कुत्ते और बंदरों से सम्बधित गुहार लगाने के बावजूद भी उक्त समस्या का समाधान किसी भी नेता के पास आज तक नहीं मिला। समाज के लोगों ने यहां तक राय दी कि बंदरों को पकड़ने की टीम ही बुलाकर बंदर और कुत्ते पकड़वाये जा सकते हैं। प्रत्येक गली में दो चार नहीं बल्कि दो-दो दर्जन कुत्ते व छतों पर बंदर लोगों पर हमला करने के लिए तत्पर रहते हैं। कई बार बंदरों व कुत्तों के कारण मौतें भी हो चुकी हैं। मगर फिर भी इसकी कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। मगर लोगों की जुबान पर एक ही बात है कि जब अपने परिवार का हिस्सा जान गवां बैठता है, तभी नेताओं को कुछ काम की होश आती है। आम जनता का दर्द कोई नहीं समाता है।



मृतक निखिल



डाक कांवड़

## करंट से युवक की मौत

**भोपा, 31 जुलाई (बु.)।** मजलिसपुर तौफीर में हाईटेंशन लाइन के करन्ट की चपेट में आकर युवक झुलस गया। आनन फानन में युवक को मुजफ्फरनगर अस्पताल ले जाया गया। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव मजलिसपुर तौफीर में 22 वर्षीय सौरव पुत्र मुकेश सैनी के घर की खराब विद्युत केबिल को ठीक कर रहा था कि अचानक उसमें हाईटेंशन लाइन का करन्ट दौड़ गया। तेज करन्ट लगने से सौरव गम्भीर रूप से झुलस गया। सौरव को मुजफ्फरनगर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सौरव की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। वहीं गाँव मे शोक की लहर दौड़ गयी है। सौरव परिवार में इकलौता पुत्र था। सौरव की दो बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बहन की शादी होना शेष है। सौरव रुड़की में शिक्षा प्राप्त कर रहा था। सौरव की मौत पर ग्राम प्रधान योगेश चौहान, महेन्द्र चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल, अमित राठी, अजय कुमार भोकरहेड़ी आदि ने गहरा दुःख प्रकट किया है।

## दो सगे भाइयों की बेसमेंट में करंट से मौत

**सहारनपुर, 31 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद कस्बे में बुधवार दोपहर मोहल्ला बड़जिया उल हक में एक बेसमेंट में उतरे दो सहोदर भाइयों की करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक आज दोपहर 12 वर्षीय बालक सूफियान अपने मोहल्ले में ही बने अर्द्धनिर्मित आवास के भूतल में उतरा था जिसमें दो-तीन फुट पानी भरा हुआ था और तभी पानी में करंट उतरा हुआ था। सूफियान जैसे ही बेसमेंट में उतरा करंट लगने से छटपटाने लगा तभी उसका बड़ा भाई हुजैफ उसकी मदद को नीचे उतरा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया और दोनों भाईयों की मौक पर मौत हो गयी। मृतक बालकों के चाचा इकबाल कुरैशी ने पत्रकारों को बताया कि परिवार वाले दोनों बच्चों को ढूंढ़ते बेसमेंट पर पहुंचे और किसी तरह नाजुक हालत में दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया।

## जोरदार बारिश में दिल्ली सड़कें डूबीं, दस उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार शाम से शुरू हुई बारिश ने आफत खड़ी कर दी है। जोरदार बारिश ने सड़कों से लेकर घरों तक को पानी से लबालब भर दिया है। कई जगह जलभराव से लोग जहां-तहां फंस गए हैं। कई जगहों पर आलम यह है कि कारें पानी में डूबी गईं, जिससे लोग हलाकान हैं। वहीं बारिश के चलते दिल्ली के एक्यूआई में बड़ा सुधार भी देखने को मिला है। दिल्ली में हो रही जोरदार बारिश ने कई लोगों को मुसीबत में डाल दिया है, निचले इलाकों में स्थित बस्तियों और घरों में पानी भर गया है। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार बारिश के बाद ओल्ड राजिंदर नगर में गंभीर जलजमाव देखा गया। 27 जुलाई को यहीं के एक आईएएस कोचिंग इंस्टीट्यूट में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि दिल्ली एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 10 फ्लाइटें भी प्रभावित हुई हैं। बाराखंबा मेट्रो स्टेशन में पानी घुस गया।

# डीजे विवाद को लेकर पुरकाजी में फायरिंग

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** तीन दिन पूर्व उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा में डीजे पर गाना बजाने को लेकर युवकों के दो पक्षों में हुए विवाद के चलते कुछ युवकों ने मुजफ्फरनगर के पुरकाजी के गांव शकरपुर के जंगल में पहुंच कर युवक को गोली मार कर घायल कर दिया। बचाव में आए युवक के पिता को भी चोट आई है। पुलिस ने मौके से एक बाइक बरामद की है।

कांवड़ यात्रा के दौरान तीन दिन पूर्व उत्तराखंड के गांव गुरुकुल नारसन के पास दो बड़े डीजे एक साथ पहुंचे थे। वहां डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो अलग-अलग जाति के युवकों में विवाद हो गया। मामला मारपीट तक जा पहुंचा था। इसके बाद दोनों ही पक्षों के युवक व दोनों डीजे लेकर उनके संचालक चले गए थे। दो दिन बाद यह मामला तूल पकड़ गया। मंगलौर थाना क्षेत्र के गांव बूढ़पुर निवासी प्रशांत उर्फ बॉबी पुत्र उदयवीर के खेत पुरकाजी के गांव शकरपुर के जंगह में हैं। वहां पर प्रशांत अपने पिता के साथ काम रहा था। इसी कुछ युवक वहां बाइकों पर पहुंचे और उन्होंने प्रशांत के साथ कहासुनी शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी युवकों ने गोली चला दी, जिससे प्रशांत घायल हो गया। बेटे को बचाने के प्रयास में युवक के पिता को भी चोट आई है। इसके बाद दूसरे पक्ष के युवक वहां से फरार हो गए। घायल के पिता की सूचना पर अन्य परिजन वहां पहुंचे और घायल को नारसन सरकारी अस्पताल ले गए। बाद में उसे मुजफ्फरनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल पक्ष के धर्मेंद्र ने बताया कि हमलावर युवकों ने उत्तराखंड में हुए झगड़े के चलते ही प्रशांत को गोली मार कर घायल किया है। सूचना पाकर सीओ सदर व पुरकाजी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां से एक लावारिस बाइक को कब्जे में लिया। सीओ सदर राजू कुमार साव का कहना है कि तीन दिन पूर्व उत्तराखंड में कावड़ यात्रा में डीजे पर गाना बजाने को लेकर कुछ युवकों में विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर बुधवार को कुछ युवकों में मारपीट व फायरिंग की घटना हुई है। घायल प्रशांत के पिता उदयवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 युवक बाइकों से आये थे। उन्होंने उनके पुत्र प्रशांत के साथ मारपीट कर उस पर फायरिंग की। गोली लगने से उनका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद व कुछ अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक में छिपे कोबरा ने ली कर्मचारी की जान

**क्षेत्र में जहरीले सांपों का आतंक, दो सप्ताह में तीन व्यक्तियों की ली जान**

**भोपा, 31 जुलाई (बु.)।** बाईक की सीट के नीचे छिपे बैठे खतरनाक कोबरा सांप ने बाइक सवार ग्रामीण की जांघ पर दंश किया, जिसके बाद ग्रामीण को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। ग्रामीण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं वन विभाग की टीम ने साँप को पकड़कर घने जंगल मे छोड़ दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा निवासी 37 वर्षीय सोनू पुत्र ओमवीर मुजफ्फरनगर भोपा मार्ग पर स्थित पेपर मिल में कार्य करता था। बीते मंगलवार की देर शाम वह पेपर मिल में ड्यूटी करने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिया के पास पहुंचा तो उसने अपनी बाइक रोक ली और सड़क के किनारे लघुशंका के लिए रुक गया। वापस आकर जैसे ही वह बाइक की सीट पर बैठा तो उसे किसी कीट पतंगे अथवा जानवर के द्वारा जांघ के पास काटने का अहसास हुआ। जिस पर सोनू ने मार्ग से गुजर रहे राहगीरों को सांप के द्वारा काटे जाने की सूचना दी। राहगीरों की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर ले गए। जहां चिकित्सक ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने पुत्र की मौत को हादसा बताते हुए थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे माता बीरमती, पत्नी बबली, बच्चे आशु, नेहा, काजल को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं ग्रामीणों द्वारा बाइक को मच्छरदानी द्वारा कँवर करते हुए वन विभाग को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँचे वन विभाग के उपनिरीक्षक सुनील कुमार, वन रक्षक पुनीत कुमार, कर्मसिंह, मनोज ने बाइक की सीट के नीचे छिपे बैठे खतरनाक साँप को सीट के नीचे से पकड़ कर खादर क्षेत्र के जंगल मे छोड़ दिया। पकड़ा गया साँप स्पेक्टकल कोबरा बताया गया है, जिसके काटने के बाद इलाज न मिलने पर कुछ समय बाद व्यक्ति की मौत हो जाती है। क्षेत्र में बीते दो सप्ताह में साँप के काटने से तीन व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। 27 जुलाई की निरगाजनी गांव में खेत पर सिंचाई करने गये 63 वर्षीय किसान संजीव की सर्प दंश से मौत हो गयी थी। तथा 15 जुलाई को फिरोजपुर गाँव में 45 वर्षीय किसान बाबूराम की साँप के काटने से मौत हो चुकी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मोरना डॉ. सतेन्द्र कुमार ने बताया कि साँप के काटने के बाद व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल में लाना चाहिये, मोरना भोपा अस्पताल में एन्टी स्नेक वैनम उपलब्ध है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**नकली मावा बेचने के मामले में तीन आरोपियों को सात-सात साल के कारावास की सजा**



**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** ककरौली क्षेत्र के खरपौड में चार साल पहले हुई युवक की हत्या के मामले में कोर्ट में आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अलावा नकली मावा बेचने के आरोप में तीन आरोपियों को सात-सात साल के कारावास की सजा हुई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के खरपौड़ निवासी चंद्रपाल के भतीजे विनीत की नवंबर 2020 में हत्या कर दी गई थी। बताया गया है कि यह हत्या प्रॉपर्टी कब्जाने के लिए की गई थी। इस मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने विवेचना के दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने कई गवाह प्रस्तुत करते हुए अभियोजन की कहानी को साबित किया। न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ललित को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसके अलावा नकली मावा बेचने के आरोप में तीन आरोपियों को दण्डित किया गया है। खाद्य निरीक्षक वीके राठी ने प्रशासनिक टीम के साथ काकड़ा गांव निवासी रहीसु के घर से सिंथेटिक मावा बरामद किया था। मौके से रहीसु, उसके भाई हाशिम और नौकर तौला को पकड़ा गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि सफेद पाउडर और वनस्पति घी मिलाकर वो मावा तैयार करते थे। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद सैम्पल जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला भेजे गये थे, जहां पर मावे में मिलावट की पुष्टि हुई थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट नम्बर एक के पीठासीन अधिकारी गोपाल उपाध्याय के समक्ष हुई। शासकीय अधिवक्ता अरूण शर्मा ने पैरोकारी करते हुए कई गवाह पेश किये। कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर दोनों भाइयों समेत तीनों आरोपियों को सात-सात साल के कारावास और 5-5 हजार रुपये के आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। इत्तेफाक की बात यह है कि 31 जुलाई को ही आरोपियों के खिलाफ करीब 15 साल पहले मुकदमा दर्ज हुआ था और अब 31 जुलाई को ही उनको सजा सुनाई गई है।

# बड़ी डीजे कांवड़ों से रामपुर तिराहा रहा जाम, पसीना-पसीना नजर आये पुलिस अधिकारी

- सार्जन और कसाना जैसे बड़े डीजे देखने के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, हाईवे पर सुबह तक रहा जाम
- एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ मंडी रूपाली राव समेत अन्य अधिकारी नजर आये पसीना-पसीना

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** रामपुर तिराहे पर सार्जन और कसाना जैसे बड़े डीजे देखने के लिए मंगलवार की रात श्रद्धालुओं का पूरा सैलाब ही उमड़ पड़ा। डीजे पर कई घंटे तक लोग भगवान शिव के भजनों में मस्त होकर थिरकते रहे। नतीजा यह हुआ कि हाईवे पर लम्बा जाम लग गया। बाइकर्स कांवडियों की अंधी दौड़ ने वहां पर हालात को और भी ज्यादा बद से बदतर बना दिया था। यहां पर यातायात व्यवस्था ठप होने के कारण कांवड़ियों और आम जनमानस को भयंकर जाम में पिसना पड़ा। यातायात को सुचारू रखने के लिए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ मंडी रूपाली राव दूसरे पुलिस अधिकारियों के साथ पूरी रात मशक्कत करते रहे और उनको सुबह तक पसीना पसीना देखा गया।

कांवड़ यात्रा के दौरान मंगलवार रात पैदल कांवड़ियों की भीड़ के बीच ही डाक कांवड़ और बड़ी डीजे कांवड़ों के आकर्षण का तड़का भी लगा। यहां पर पूरे जिले से लोग ाारखंड के प्रसिद्ध सार्जन और कसाना डीजे की कावड़ को देखने के लिए पहुंचे थे। भीड़ इतनी जुटी कि तमाम व्यवस्था ही ठप होकर रह गई। भीड़ और सार्जन तथा कसाना डीजे जैसे अन्य बडे डीजे कांवड़ों के कारण यहां पर यातायात भी ठप होकर रह गया था। रामपुर तिराहे पर पुलिस अफसरों ने बड़े सार्जन और कसाना जैसे बड़े डीजे कांवड़ को रोकने के लिए उनको दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे की ओर से आगे भेजा गया। रामपुर तिराहे के निकट सिलाजुड्डी गांव के गुर्जर समाज के लोगों ने कसाना डीजे के मालिक उमेश कसाना का सम्मान किया और उन्हें ट्रॉफी भेंट की। इसके साथ ही यहां पर भारी भीड़ के बीच सार्जन और कसाना डीजे पर भगवान शिव के भजनों पर नृत्य के कारण यहां पर व्यवस्था बनाने में पुलिस कर्मियों को पसीने छूट गये। इसी बीच गत रात्रि को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ध्रुवकान्त ठाकुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ भूराहेडी चैक पोस्ट पर बनाए गए कांवड़ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। कांवड़ कंट्रोल रूम निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कांवड़ मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज को चेक किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी करें। इसी बीच रामपुर तिराहे पर जाम लगने के कारण एसएसपी अभिषेक सिंह खुद भी यातायात व्यवस्था को संभाला। एसपी ट्रैफिक कुलदीप सिंह के साथ वो हाईवे पर यातायात को सुचारू करते हुए नजर आये। इसके अलावा यहां पर बड़ी डीजे कांवड़ों के आने के कारण भीड़ उमड़ने पर यहां रामपुर तिराहे से लेकर पचैण्डा बाईपास तक जाम लग गया। इस कारण लोग और कांवड़िया यहां पर सुबह तक जाम में फंसे रहे। इस भीड़ में सार्जन और कसाना जैसे बड़े डीजे कांवड़ की लाइव कवरेज करने के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ भी करीब चार घंटे जाम में फंसे रहे। इस बीच यहां पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ मंडी रूपाली राव यातायात व्यवस्था संभालने को अन्य अधिकारियों के साथ पसीना पसीना नजर आये।

## मुजफ्फरनगर एनएच-58 पर जाम ने रचा इतिहास

- पूरी रात सड़कों पर उतरा रहा प्रशासनिक अमला
- सीओ नई मंडी रूपाली राव ने महिला होते हुए जाम को खुलवाने में जमकर की मेहनत

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा 2024 के दौरान मंगलवार की रात को मुजफ्फरनगर एनएच-58 पर ऐतिहासिक जाम देखने को मिला। ऐसा जाम ना आज से पहले कभी लगा होगा ना शायद ही आगे कभी लगेगा। दरअसल झारखंड से आये सार्जन डीजे का जलवा देखने के लिए लाखों लोगों की भीड़ उसके साथ चलती दिखाई दी। जगह-जगह सार्जन डीजे का स्वागत तो हुआ ही, मगर जहां-जहां से सार्जन डीजे गुजरता गया, वहीं-वहीं से उसके साथ हजारों लोगों का काफिला जुड़ता चला गया। इसी के साथ-साथ चल रहे चार अन्य डीजे अमर, कसाना, रावण के पीछे भी बड़ा काफिला जुड़ गया और रामपुर तिराहे के बाद जैसे ही सार्जन डीजे खतौली की ओर बढ़ा तो सामने से आ रही बड़ी-बड़ी डाक कांवड़ों ने पचैंडा से पहले ही जाम कर दिया। उक्त जाम दस किलोमीटर लम्बा जाम था। तकरीबन चार घंटे तक लगे इस जाम में फंसे लोगों ने पांच किलोमीटर की यात्रा चार घंटे में तय की। लगभग ढ़ाई बजे जब मुजफ्फरनगर प्रशासन को इसकी खबर दी गयी, तो प्रशासनिक अमला पचैंडा रोड की ओर से प्रवेश कर गया और जाम को खुलवाने में पूरा डेढ़ घंटा सड़कों पर लोगों की मदद करता दिखाई दिया। साढ़े चार बजे सुबह उक्त जाम को खोलने में कामयाबी मिली।

### बुलेटिन की टीम व प्रशासनिक अमला सुबह साढ़े चार बजे तक डटा रहा

**मुजफ्फरनगर। रात्रि एक बजे सार्जन डीजे से बात करने के बाद बुलेटिन टीम को साढ़े चार बजे तक तो डटी ही रही। साथ ही साथ नई मंडी सीओ रूपाली राव सड़कों पर खुद जाम खुलवाता देख पसीना बहाता दिखाई दी। उनके साथ खालापार थानाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान भी वहीं डटे दिखाई दिये और साढ़े चार बजे तक लगातार मशक्कत करने के बाद जाम को खुलवाने में सफलता हासिल की।**

